**कार्यालय जिला पंचायत राज अधिकारी, बस्ती।**

पत्रांक 3437 /7–पंचायत/स्व0भार0मि0(ग्रा0)/2024–25 दिनांक 13 नवम्बर 2024

समस्त सहायक विकास अधिकारी,(पं0)
जनपद– बस्ती।

विषयः– **वर्ल्ड टायलेट डे–2024 सेलिब्रेशन के सम्बन्ध में।**

–:–:–:–:–

उपर्युक्त विषयक मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण), उ0प्र0 के पत्र संख्या–5/1764/2024–5/55/2021 लखनऊ दिनांक 13 नवम्बर 2024 व संयुक्त सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या–18020/169/2024–SBM-III-DDWS दिनांक 8.11.2024 द्वारा वर्ल्ड टायलेट डे–2024 सेलिब्रेशन की अपेक्षा की गयी है। आप अवगत ही हैं कि वर्ल्ड टायलेट डे–2024 प्रत्येक वर्ष 19 नवम्बर को आयोजित किया जाता है, जिसका मुख्य उदेश्य लोगो में शौचालय के स्वच्छ एवं सुरक्षित उपयोग तथा शौचालय तक पहुंच हेतु जागरूक करना है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जनपद में ओ0डी0एफ0 स्टेटस की निरन्तरता बनाये रखना जिसके लिये जनपद के सभी विकास खण्डों से यह अपेक्षा की जाती है कि व्यक्तिगत शौचालय के वास्तविक गैप को चिन्हित कर समस्त शौचालय विहिन पात्र लाभार्थियों को शौचालय सुविधा उपलब्ध करायी जाय साथ ही साथ यह भी अपेक्षा है कि ग्राम स्तर पर कैम्प आयोजित कर व्यक्तिगत शौचालय हेतु रजिस्ट्रेशन ड्राइव चलायी जाये तथा सभी सम्बन्धित शौचालय विहिन पात्र लाभार्थियों को शौचालय स्वीकृति पत्र वितरण किये जाए।

1. इस वर्ष वर्ल्ड टायलेट डे को **"हमारा शौचालय: हमारा सम्मान"** अभियान के नाम से चलाया जाना प्रस्तावित है। इसकी शुरूआत **वर्ल्ड टायलेट डे–(19 नवम्बर, 2024)** को की जायेगी तथा इसका **समापन मानवाधिकार दिवस (10 दिसम्बर, 2024)** को किया जायेगा। स्वच्छता एवं मानव अधिकार में गहरा सम्बन्ध है और यह महिलाओ की निजता के सार्वभौमिक अधिकार, स्वास्थ्य एवं सुरक्षित वातावरण को शौचालय सुविधा की उपलब्धता के उचित उपयोग को आन्तरिक रूप से जोड़ती है। शौचालय आम जन के स्वास्थ्य रक्षा तथा बिमारियों को रोकने विशेषकर एवं शौचालय न होने की स्थिति में महिलाओ एवं लड़कियों की निजता एवं असुरक्षित जोखिम को भी नियन्त्रित करने में मददगार साबित होता है। यह सामान्य मानवाधिकार एवं एस0डी0जी0–6 को भी आपस में जोड़ता है तथा मानवाधिकारी दिवस के अवसर को सार्वभौमिक स्वच्छता सुविधाओं की उपलब्धता तथा बेहतर मानव जीवन की गरिमा बनाये रखने में उपयोगी सिद्व होगा।
2. इस सम्बन्ध में विकास खण्ड/ग्राम पंचायत स्तर पर वर्ल्ड टायलेट डे का आयोजन निम्नानुसार किया जाना अपेक्षित हैः–
   I. व्यक्तिगत शौचालय के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किया जाए।
   II. ग्राम पंचायत स्तर पर **सबसे अच्छा व्यक्तिगत शौचालय** प्रतियोगिता तथा विकास खण्ड स्तर पर **सबसे अच्छा सामुदायिक शौचालय प्रतियोगिता** का आयोजन किया जाय तथा प्रतियोगिता उपरान्त विजेता ग्राम पंचायत को ग्राम पंचायत/विकास खण्ड स्तर पर सम्मानित किया जाये।
   III. अन्तविभागीय बैठक का आयोजन किया जाये तथा पेयजल/शिक्षा/महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग/ग्राम्य विकास विभाग के साथ प्रभावी कन्वर्जेंस सुनिश्चित किया जाए तथा आंगनवाड़ी केन्द्रो, स्कूलो, पी0एच0सी0, सी0एस0सी0 इत्यादि संस्थाओं में शौचालयों की क्रियाशीलता सुनिश्चित किया जाए, साथ ही सामुदायिक शौचालयों हेतु पानी की उपलब्धता की व्यवस्था भी अनिवार्य रूप से की जाए।

Scanned with CamScanner

IV. वाटर टेस्टिंग (Bectarial Contamination lik E-coli) की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। जिससे असुरक्षित पेयजल से होने वाली बीमारियों से बचाव हो सके।

V. पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र दिनांक 7 नवम्बर, 2024 के क्रम में ब्लाक स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन दिनांक 19 नवम्बर, 2024 को किया जाए।

VI. अक्रियाशील सामुदायिक शौचालयों को चिन्हित कर उन्हे क्रियाशील बनाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

VII. पी0एच0सी0, सी0एस0सी0, स्कूल, आंगनवाड़ी केन्द्र, ए0एन0एम0 सेन्टर इत्यादि तक शौचालय की सुलभता सुनिश्चित किया जाये तथा आवश्यकतानुसार सी0एस0आर0 फण्ड एवं विभागीय फण्ड का उपयोग कर इसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

VIII. सेनिटेशन वर्कर को अपवाद स्वरूप विशेष परिस्थति में सहयोग की व्यवस्था की जाए तथा इसके लिये कैम्प लगाकर उनका विभिन्न सरकारी योजनाओं अन्तर्गत लाभान्वित किये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाये।

IX. ग्राम पंचायतो/विकास खण्डों में तैनात कर्मियों को ओ0डी0एफ0 की निरन्तरता बनाये रखने में आवश्यक सहयोग हेतु उन कार्मिकों को सम्मानित करने की कार्यवाही की जाए।

X. विकास खण्ड/ग्राम पंचायत स्तर पर व्यवहार परिवर्तन एवं शौचालय की उपयोगिता सुनिश्चित करने हेतु विशेष शुरूआत किया जाए।

उपरोक्त अभियान के सम्बन्ध में विस्तृत विवरण संलग्न कर प्रेषित करते हुये निर्देशित किया जाता है कि वर्ल्ड टायलेट डे-2024 का आयोजन सुनिश्चित किया जाय।

RK

(रतन कुमार)
जिला पंचायत राज अधिकारी
बस्ती।

पत्रांक 3437 /तददिनांकित।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ वं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त खण्ड विकास अधिकारी बस्ती को इस अनुरोध के साथ कि स्वयं की देखरेख में आयोजन/गतिविधियां सम्पन्न कराने का कष्ट करें।
2. उपनिदेशक(पं0) बस्ती मण्डल, बस्ती।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, बस्ती की सेवा में सादर सूचनार्थ।
4. जिलाधिकारी महोदय, बस्ती की सेवा में सादर अवलोकनार्थ।

RK

जिला पंचायत राज अधिकारी
बस्ती।

Scanned with CamScanner

Annexure-1

# वर्ल्ड टायलेट डे–2024 अभियान का समापनमानवाधिकार दिवस (10 दिसम्बर, 2024) हेतु विस्तृत नोटः–

(अभियान अवधि–19 नवम्बर, 2024 से 10 दिसम्बर, 2024)

**अभियान शिर्षकः–हमारा शौचालयः हमारा सम्मान,**

**हैसटैगः**–#ToiletForDignity

**अभियान टैगलाइनः–शौचालय संवारे, जीवन निहारे**

**अभियान अवधिः– 19 नवम्बर से 10 दिसम्बर, 2024**

वर्ल्ड टायलेट डे–2024 प्रत्येक वर्ष 19 नवम्बर को आयोजित किया जाता है, जिसका मुख्य उदेश्य लोगो में शौचालय के स्वच्छ एवं सुरक्षित उपयोग तथा शौचालय तक पहुंच हेतु जागरूक करना है।

**अभियान उद्देश्यः**–इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शौचालय का अधिक से अधिक लोगो तक पहुंच एवं समस्त प्रकार के व्यक्तिगत शौचालयों व सामुदायिक शौचालयों का निरन्तर उपयोगिता है, जिसके लिये निम्नलिखित गतिविधियां अपेक्षित हैः–

- व्यक्तिगत एवं सामुदायिक शौचालयों का पेन्टिंग एवं सौंदर्यीकरण। इसके लिये आवश्यकतानुसार समुदाय को प्रोत्साहित कर विभिन्न प्रकार के रंगो में आकर्षक स्लोगन इत्यादि पेन्ट कराये जाए।
- व्यक्तिगत एवं सामुदायिक शौचालयों का आवश्यतानुसार रेट्रोफिटिंग (आंशिक/व्यापक) सुनिश्चित किया जाए ताकि सभी शौचालय उपयोग होने की स्थिति में हो।

**अभियान अवधिः–**

| अवधि | गतिविधियां |
|---|---|
| 14 से 18 नवम्बर, 2024 | अक्रियाशील सामुदायिक शौचालयों का सर्वे एवं आई0एम0आई0एस0 पोर्टल पर सामुदायिक शौचालयों का क्रियाशीलता सम्बन्धी स्टेटस का डाटा फिडिंग |
| 19 नवम्बर, 2024 | ब्लाक स्वच्छता समिति की बैठक के आयोजन के साथ ही वर्ल्ड टायलेट डे–2024 अभियान की शुरूआत |
| 19 नवम्बर, से 5 दिसम्बर, 2024 | Mission Functionility- यह अभियान 03 R (Repair, Restore and Refine) पर आधारित है, जिसका मुख्य फोकस सामुदायिक शौचालयों का मरम्मत सुनिश्चित करना तथा सामुदायिक शौचालयों का पेन्टिंग एवं सौंदर्यीकरण करना है। इस अवधि का उपयोग व्यक्गित शौचालय स्वीकृति पत्र वितरण हेतु भी जाय। |
| 5 दिसम्बर से 9 दिसम्बर, 2024 | व्यक्तिगत एवं सामुदायिक शौचालय का अन्तिम सर्वे जिसमें शौचालय की क्रियाशीलता, पेन्टिंग, समुदाय का सहयोग एवं बेस्ट व्यक्तिगत शौचालय/सामुदाय शौचालय का चिन्हांकन। |
| 10 दिसम्बर, 2024 | अभियान समापन तथा बेस्ट व्यक्तिगत शौचालय/सामुदाय शौचालय हेतु पुरूस्कार वितरण तथा इम्पैक्ट रिर्पोट बनाना। |

## ग्राम स्तरीय प्रतियोगिता–

**वेस्ट आई0एच0एच0एल0 प्रतियोगिता** 10 दिसम्बर, 2024 सबसे अच्छा व्यक्तिगत शौचालय के लाभार्थियों को पुरूस्कृत करने हेतु आयोजन।

- ➢ ग्राम पंचायत द्वारा 02 सबसे अच्छे व्यक्तिगत शौचालय का चयन कर विकास खण्ड को अग्रसारित करेंगे।
- ➢ विकास खण्ड द्वारा 03 सबसे अच्छे व्यक्तिगत शौचालय (ग्राम पंचायतों द्वारा प्रेषित सूची में से) का चयन कर जनपद को अग्रसारित करेंगे।
- ➢ जनपद द्वारा 05 सबसे अच्छे व्यक्तिगत शौचालय (विकास खण्डों द्वारा प्रेषित सूची में से) का चयन कर पुरूस्कार हेतु अन्तिम सूची तैयार करेंगे।

Scanned with CamScanner